लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 3244
उत्तर देने की तारीखः 16.03.2021

मझवार समुदाय का संरक्षण

3244. श्री प्रवीन कुमार निषादः

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 1961 की जनगणना में मझवार समुदाय की जनसंख्या करीब 70 हजार थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उत्तर प्रदेश में इस समुदाय की जनसंख्या घटकर 3 से 4 हजार रह गई है; और
(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त समुदाय का संरक्षण करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (ग): वर्ष 1961 और 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मझवार समुदाय की जनसंख्या क्रमशः 69,133 और 23,123 थी। अनुसूचित जातियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास के लिए अनेक स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं, जो मझवार समुदाय के सदस्यों के लिए भी उपलब्ध हैं।

******